सीएम ने आर्थिक गणना का शुभारंभ किया, 5 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था का लक्ष्य

ओडीओपी से बढ़ा 28 फीसदी निर्यात :योगी

गिनाए काम

राज्य मुख्यालय | विशेष संवाददाता

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि वर्ष 2017 में यूपी में प्रति व्यक्ति आय राष्ट्रीय औसत से आधी थी। हमने एक जिला-एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना शुरू की। आज इसके अच्छे परिणाम हैं। 2018-19 में जहां सारे राज्यों में 6-8 फीसदी निर्यात बढ़ा वहीं यूपी में 28 फीसदी निर्यात बढ़ गया। इससे 5 लाख युवाओं को रोजगार मिला।

मुख्यमंत्री गुरुवार को 7वीं आर्थिक गणना की शुरुआत के मौके पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने गणना के लिए शुभकामनाएं देते हुए कि हम देश को 2024 तक 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं। इसमें यूपी देश को आर्थिक महाशक्ति बनने की क्षमता रखता है।



लखनऊ में गुरुवार को 7वीं आर्थिक गणना की शुरुआत के मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्यमंत्री।

उन्होंने कहा कि तकनीक से इस्तेमाल से हम चीजों को और बेहतर कर सकते हैं। ओडीओपी में हमने कम पूंजी में अधिक रोजगार पैदा किए। इनकी मैपिंग की। इसी तरह आर्थिक गणना के सटीक नतीजों से हम युवाओं के लिए बेहतर योजनाएं बना पाएंगे। सही जानकारी के अभाव में हम सटीक रणनीति नहीं बना पाते।

उन्होंने गणना और तकनीक के महत्व का उदाहरण देते हुए कहा कि यूपी में दो वर्ष पहले हमने हर जिले में ये तय करने को कहा कि फेरी वालों का आकलन करें ताकि इनका पुनर्वास कर सके और अतिक्रमण भी खत्म किया जा सके। सभी जिलों से पर्याप्त आंकड़े नहीं आए। जो जिले बेहतर कर भी रहे थे, वहां भी हर 6 महीने में आंकड़े फर्क हो जा रहे हैं क्योंकि फेरीवाला स्थिर नहीं है।

प्रक्रिया

- 2012 के बाद हो रही है आर्थिक गणना, 3.5 महीना लगेगा गणना में
- इसमें कृषि उत्पादन व बागवानी को छोड़ कर सभी उद्यमों/ इकाइयों (जो वस्तुओं व सेवाओ के उत्पादन या वितरण) की गणना की जाएगी।
- पहली बार मोबाइल ऐप का होगा इस्तेमाल
- पहली बार कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से गणना कराई जा रही है।
- उद्यमी की पहचान गुप्त रखी जायेगी।
- जियो टैगिंग होगी और इसके लिए 24 घण्टे की हेल्पलाइन चलेगी

उन्होंने कहा कि हमने इसमें तकनीक का इस्तेमाल करते हुए जानकारी नहीं जुटाई लेकिन प्रयागराज में कुंभ हुआ। वहां नो वेंडिंग जोन बनाया। फेरी वालों को एक जगह व्यवस्थित किया। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा, मुख्य सचिव आर के तिवारी, राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के महानिदेशक विजय कुमार, उप महानिदेशक सीएस मिश्र व अपर मुख्य सचिव नियोजन विभाग कुमार कमलेश मौजूद रहे।